# Lecture-4

## Topic-Meaning Nature and Scope of Comparative politics

D-2(Sub.)

Date-22-4-2021

By Rahul Kumar Jha

### तुलनात्मक राजनीति के अर्थ, प्रकृति और क्षेत्र :-

(2) तुलनात्मक राजनीति अंतरराष्ट्रीय तुलना के रूप में :- तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति-संबंधी दूसरी धारणा के अनुसार यह राष्ट्रीय सरकारों का अंतरराष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन है। आधुनिक राजनीतिशास्त्रियों में से अधिकांशतः इस धारणा से सहमत हैं, क्योंकि तुलनात्मक राजनीति के उद्देश्यों की पूर्ति इसी प्रकार की तुलना से होती है। ऐसी तुलना का महत्व भी है क्योंकि इससे ही ऐसे सामान्यीकरण संभव होते हैं, जिनसे हर सामान्य तथा विशिष्ट राजनीतिक व्यवहार को विश्लेषित किया जा सकता है।

अतएव, तुलनात्मक राजनीति की यह धारणा इसकी सही प्रकृति का चित्रण करनेवाली मानी जा सकती है।

यदि तुलनात्मक राजनीति राष्ट्रीय सरकारों की अंतर्राष्ट्रीय तुलना है तो इसमें निम्न दो संभावनाएँ दिखाई देती है-

(A) एक राष्ट्र की राष्ट्रीय सरकारों की ऐतिहासिक तुलना !- प्रत्येक राज्य की वर्तमान राजनीतिक अवस्था की एक लंबी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि होती है। वर्तमान राजनीतिक संस्थाओं प्रक्रियाओं और राजनीतिक अवसरों का तुलनात्मक विश्लेषण अतीत के संदर्भ में ही हो सकता है। भारत के संदर्भ में यह तुलना प्राचीन भारत की राष्ट्रीय सरकारों, मध्यकालीन भारत तथा ब्रिटिशकालीन भारत की राष्ट्रीय सरकारों तथा आधुनिक भारत की राष्ट्रीय सरकारों में की जा सकती है। ऐसे तुलनात्मक अध्ययन से अतीत में घटनाओं का क्रमिक विकास और प्रभाव दिखाई देता है इस प्रकार के विकास की सामग्री इतिहास से उपलब्ध होती है और वह किसी देश की राजनीतिक संस्कृति का आधार बनती है

(B) समकालीन विश्व में व्याप्त राष्ट्रीय सरकारों की अंतरराष्ट्रीय तुलना :- तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति-संबंधी सर्वमान्य धारणा आज यही है कि यह समकालीन विश्व में प्रचलित राष्ट्रीय सरकारों का तुलनात्मक अध्ययन है। वास्तव में ऐसी तुलना से न सिर्फ सामान्यीकरण संभव है, वरन् राजनीतिक व्यवहार के संबंध में ऐसे सिद्धांतों का प्रतिपादन भी किया जा सकता है, जिनसे प्रत्येक देश की राजनीतिक व्यवस्था की सही जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इससे हर विचित्र राजनीतिक घटना का स्पष्टीकरण किया जा सकता है और इस प्रकार राजनीतिक संस्थाओं और व्यवस्थाओं की प्रकृति और कार्यविधि को समझा जा सकता है।

तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति-संबंधी उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि तुलनात्मक राजनीति एक स्वतंत्र अनुशासन है, जो राजनीतिशास्त्र में एक महत्वपूर्ण शाखा बन गई है। यद्यपि इसका अध्ययन भी राजनीतिक संस्थाओं से संबंध रखनी से है, फिर भी यह राजनीतिशास्त्र से इस अर्थ में भिन्न है कि इसमें राष्ट्र तथा अंतर-राष्ट्रीय राजनीति दोनों का ही अध्ययन सम्मिलित होता है।

[CHAPTER CONTI...]